निविदा संख्या : विविध प्रशासन/डीसीओ–यू0पी0/ए 728

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश

विविध प्रशासन अनुभाग

लेखराज मार्केट –**III,** इन्दिरा नगर

लखनऊ–226016

दिनांक : 28/5/12

निविदा आमंत्रण

इस निदेशालय में वार्षिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के प्रथम चरण से सम्बंधित अप्रयुक्त प्रपत्रों के निस्तारण हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदादाता अपनी निविदा दिनांक 11.06.2012 को सायं 3:30 बजे तक जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से भेज सकते हैं। निविदा की दरें (प्रति किलो ग्रा0) अंकों एवं शब्दों में लिखी जानी होंगी। निविदा फार्म जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश लेखराज मार्केट **III,** फैजाबाद रोड , इन्दिरा नगर लखनऊ में निविदा शुल्क रूपये 100/– मात्र नकद अथवा रेखांकित बैंक ड्राफ्ट (आहरण एवं वितरण अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पक्ष में देय) जमा करके दिनांक 11.06.2012 तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा। निविदा फार्म वेबसाइट संख्या **www.censusindia.gov.in(tender)** से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

दिनांक

निदेशक

दूरभाष–0522–2355211

0522–2341102

पत्रांक वि.प्र./डीसीओ–यू0पी0/ए - 728

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश

विविध प्रशासन अनुभाग

लेखराज मार्केट –III, इन्दिरा नगर

लखनऊ–226016

दिनांक : 28/5/12

वार्षिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के प्रथम चरणसे सम्बंधित अप्रयुक्त प्रपत्रों– के निस्तारण से सम्बंधित नियम एवं शर्ते

1. निविदा के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी रूपये 13000/– (रूपये तेरह हजार)का बैंक ड्राफ्ट/ पे आर्डर अर्नेस्टमनी के रूप में जो आहरण एवं वितरण अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश , लखनऊ के पक्ष में देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
2. निस्तारित किये जाने वाले अप्रयुक्त अनुसूचियों के कुल 1443 बाक्सों में प्रत्येक बॉक्स का अनुमानित वजन 12 किग्रा0 है तथा कुल अनुमानित वजन 17316 किग्रा है। तथा बॉक्स जहां पर रखे हुये हैं के सम्पूर्ण पते का विवरण निम्नवत् है–

क्रम संख्या	कार्यालय का नाम	कार्यालय का पता	अप्रयुक्त रिकार्ड के बॉक्सों की की संख्या
1.	जी.एफ.के मोड प्राइवेट लिमिटेड	श्री राहुल सिंह पुत्र श्री रणधीर सिंह184/4 शास्त्रीनगर, मेरठ मो0 9927436442	133 (महिला अनुसूची)
2.	इपॉस हेल्थ इण्डिया लिमिटेड	25/61 इंन्दिरानगर , निकट आइ.सी.सी. एम.आर.टी., लखनऊ–226016	552(महिला अनुसूची)
3.	एकेडमी ऑफ मैनेजमेण्ट स्टडीस, ए.एम.एस.	बी–1143 इंन्दिरानगर, लखनऊ	510 (महिला अनुसूची)
4.	निदेशक.जनगणना कार्य, उत्तर प्रदेश	लेखराज डॉलर भवन, इन्दिरानगर, रिकार्ड रूम, लखनऊ।	198 (टी.पी.ए. महिला अनुसूची) 03 (टी.पी.ए. परिवार अनुसूची)

5.	निदेशक, जगणना कार्य, उत्तर प्रदेश	लेखराज मार्केट, इन्दिरानगर, लखनऊ।	47 (महिला अनुसूची)
6.	योग		1443 बक्से

निविदादाता को अपने लेटर पैड पर गत्ते के बाक्स एवं पॉलीथीन की थैलियों सहित के लिए प्रति कु0 की दर देनी होगी।

3. निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् सफल निविदादाता को अप्रयुक्त अनुसूचियों की सम्पूर्ण धनराशि एकमुश्त कार्यालय में जमा करनी होगी। तदोपरान्त इन अनुसूचियों को उठाने की अनुमति दी जायेगी।
4. निविदादाता तौलाई से पूर्व खाली ट्रक का वजन इलैक्ट्रानिक धर्मकांटा पर निदेशालय द्वारा नांमित अधिकारियों के समक्ष करवायेगा तथा ट्रक पर अप्रयुक्त अनुसूचियों (गत्ते के बॉक्स सहित) को लदवाने के बाद भरे ट्रक का पुनः इलेक्ट्रानिक धर्मकान्टा पर निदेशालय के अधिकारियों के समक्ष तोलाएगा।
5. सफल निविदादाता को निविदा स्वीकृत होने के एक सप्ताह के अंदर अप्रयुक्त अनुसूचियों (गत्ते के बॉक्स सहित) को कार्यालय समय में तौलवाकर उठवाना होगा।
6. अप्रयुक्त प्रपत्र (अनुसूचियों) केवल सफल निविदादाता को दिये जायेगें किसी भी दशा में निविदादाता के नाम में परिवर्तन नहीं किया जायेगा। निविदादाता यदि चाहें तो अपने प्रतिनिधि को अप्रयुक्त अनुसूचियों तौलवाने/ले जाने को अधिकृत कर सकता है इसके लिए प्राधिकार पत्र देना होगा। ऐसी दशा में अधिकार पत्र के सही होने के सम्बंध में निविदादाता को कार्यालय को संतुष्ट करना होगा। अधिकार पत्र के आधार पर माल दिये जाने की दशा में पूरी जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। किसी प्रकार की गलत डिलीवरी होने के सम्बंध में कार्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
7. अप्रयुक्त अनुसूचियों (गत्ते के बाक्स सहित) की लोडिंग। अनलोडिंग व तौल कराने पर होने वाले व्यय तथा बिक्री पर लगने वाले समस्त करो, यदि कोई हो, का वहन निविदादाता को करना होगा।
8. निविदा के साथ निविदादाता को अपने स्थायी लेखा संख्या (पैन) एवं कर पहचान संस्था (टिन) अंकित करना होगा तथा उक्त दोनों कार्डों की छायाप्रति भी संलग्न करना अनिवार्य है। शर्त का पालन न करने पर निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी।
9. असफल निविदादाता को अर्नेष्ट मनी के रूप में जमा की गयी धनराशि बिना ब्याज के वापस कर दी जाएगी।

10. निस्तारित किए जाने वाले अप्रयुक्त अनुसूचियों का निरीक्षण निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी दिन कर सकते हैं।

11. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 11.06.2012 को अपरान्ह 3.30 बजे तक होगी। प्राप्त निविदाएँ उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं, यदि कोई हों, के सम्मुख खोली जाएगी।

12. निविदा में दी गई शर्तों को उल्लंघन करने पर जमानत के रूप में जमा की गई अर्नेस्टमनी की धनराशि जब्त की जा सकती है।

13. इस मामले में किसी प्रकार का विवाद होने पर निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ का निर्णय मानने के लिए निविदादाता बाध्य होगा।

14. बिना कारण बताए एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने अथवा माल को देने के पूर्व बिक्री सम्बंधी आदेश को वापस लेने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

25.5.12

(आर0एस0 मीना)
उपनिदेशक
(वि0 / प्र0)

निविदा फार्म

जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0, भारत सरकार गृह मंत्रालय लेखराज मार्केट-।।। इन्दिरानगर लखनऊ द्वारा जारी टैण्डर संख्या वि0प्र0/डी0सी0 ओ0-यू0पी0/ए-728 दिनांक 28.5.2012 में निर्धारित नियम एवं शर्तों से मैं सहमत होने पर बाक्स सहित अप्रयुक्त प्रपत्रों (महिला अनुसूची व अन्य) की दरें प्रति किलोग्राम में निम्नवत् प्रस्तुत कर रहा हूँ :-

बाक्स सहित अप्रयुक्त प्रपत्रों (महिला अनुसूची व अन्य) की दर प्रति किलोग्राम में :- अंकों एवं शब्दों में

हस्ताक्षर
नाम
फर्म का नाम एवं पता